भारत में खरीफ दालों के बाज़ार भाव विपणन वर्ष 2021-22 में एम एस पी से नीचे रहे

भारत सरकार के कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने अपनी 'खरीफ फसलों के लिए मूल्य नीति: विपणन मौसम 2022-23' में कहा है कि खरीफ दालों — तुअर/अरहर, मूंग और उड़द — के बाज़ार भाव खरीफ विपणन मौसम 2021-22 के दौरान अधिकांश दिनों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) से नीचे रहे।

भारत सरकार ने 8 जून, 2022 को खरीफ विपणन मौसम 2022-23 के लिए तुअर/अरहर, मूंग और उड़द के लिए क्रमशः 6,600 रुपये प्रति क्विंटल, 7,755 रुपये प्रति क्विंटल और 6,600 रुपये प्रति क्विंटल एम एस पी की घोषणा की थी।

खरीफ विपणन मौसम 2022-23 में सरकारी खरीद के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

फसल	2022-23 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)	2021-22 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)	बढ़ौतरी (रुपए/कुइंटल)	बढ़ौतरी (प्रतिशत)
तुअर/अरहर	6,600	6,300	300	4.76%
मूंग	7,755	7,275	480	6.59%
उड़द	6,600	6,300	300	4.76%

बाज़ार के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए सी ए सी पी ने कहा कि तुअर/अरहर की कीमतें खरीफ विपणन मौसम 2017-18 से खरीफ विपणन मौसम 2020-21 तक एम एस पी से नीचे रहीं। आयोग ने कहा कि तुअर/अरहर की बाज़ारी कीमतों में गिरावट देश में दालों के उत्पादन में वृद्धि और उच्च

आयात के कारण थी। खरीफ विपणन मौसम 2021-22 में तुअर/अरहर के एम एस पी और बाज़ार भाव के बीच का अंतर -8.5% था।

खरीफ विपणन मौसम 2021-22 के दौरान प्रमुख उत्पादक राज्यों में तुअर/अरहर के बाज़ार भाव अधिकांश दिनों तक एम एस पी से नीचे रहे। मध्य प्रदेश (-20.3%) में कीमतों का अंतर सबसे अधिक था, इसके बाद गुजरात (-12.3%), कर्नाटक (-6.3%) और महाराष्ट्र (-6.1%) का स्थान रहा।

खरीफ विपणन मौसम 2021-22 में प्रमुख उत्पादक राज्यों में तुउर/अरहर के एम एस पी की तुलना में बाज़ार भाव

राज्य	**बाज़ार भाव दर्ज किए गए दिनों की गिनती**	**बाज़ार भाव एम एस पी से ऊपर रहे दिनों की गिनती**	**बाज़ार भाव और एम एस पी के बीच औसत अंतर (%)**
गुजरात	130	1	-12.3
कर्नाटक	127	11	-6.3
मध्य प्रदेश	144	5	-20.3
महाराष्ट्र	148	5	-6.1
उत्तर प्रदेश	151	58	-0.9

स्रोतः 1. अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत

2. एगमार्कनेट, विपणन और निरीक्षण निदेशालय, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत; भारित औसत घरेलू बाज़र कीमतों की गणना के लिए

मूंग के लिए खरीफ विपणन मौसम 2021-22 में बाज़ार भाव और एम एस पी के बीच का अंतर -16.8% था। खरीफ विपणन मौसम 2021-22 के दौरान, प्रमुख उत्पादक राज्यों राजस्थान और महाराष्ट्र को छोड़कर मध्य प्रदेश में अधिकांश दिनों के दौरान मूंग का बाज़ार भाव एम एस पी से नीचे रहे। मूंग की औसत कीमत का अंतर राजस्थान में -20.6%, एमपी में -16.3% और महाराष्ट्र में -4.4% था।

खरीफ विपणन मौसम 2021-22 में प्रमुख उत्पादक राज्यों में मूंग के एम एस पी की तुलना में बाज़ार भाव

राज्य	बाज़ार भाव दर्ज किए गए दिनों की गिनती	बाज़ार भाव एम एस पी से ऊपर रहे दिनों की गिनती	बाज़ार भाव और एम एस पी के बीच औसत अंतर (%)
महाराष्ट्र	144	46	-4.4
राजस्थान	150	0	-20.6
मध्य प्रदेश	138	0	-16.3

स्रोतः 1. अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत

2. एगमार्कनेट, विपणन और निरीक्षण निदेशालय, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत; भारित औसत घरेलू बाज़र कीमतों की गणना के लिए

उड़द के लिए, खरीफ विपणन मौसम 2019-20 में बाज़ार भाव और एम एस पी के बीच का अंतर -8.9% था, जिसमें खरीफ विपणन मौसम 2020-21 में सुधार होकर 2.3% हो गया। सी ए सी पी ने कहा कि बाज़ार की कीमतों में उल्लेखनीय कमी के कारण खरीफ विपणन मौसम 2021-22 में यह अंतर फिर से बढ़कर -16.9% हो गया।

खरीफ विपणन मौसम 2021-22 में उत्तर प्रदेश को छोड़कर सभी प्रमुख उत्पादक राज्यों में उड़द के बाज़ार भाव नीचे रहे। उड़द के औसत बाज़ार भाव उत्तर प्रदेश में एम एस पी से 4.8% ऊपर थे, जबकि एम पी (-24%), राजस्थान (-14.5%), तमिलनाडु (-13.8%) और महाराष्ट्र (-13.2) में यह एम एस पी से नीचे थे।

खरीफ विपणन मौसम 2021-22 में प्रमुख उत्पादक राज्यों में उड़द के एम एस पी की तुलना में बाज़ार भाव

राज्य	बाज़ार भाव दर्ज किए गए दिनों की गिनती	बाज़ार भाव एम एस पी से ऊपर रहे दिनों की गिनती	बाज़ार भाव और एम एस पी के बीच औसत अंतर (%)
मध्य प्रदेश	150	4	-24
महाराष्ट्र	144	4	-13.2

राजस्थान	134	9	-14.5
तमिलनाडु	85	26	-13.8
उत्तर प्रदेश	151	130	4.8

स्रोतः 1. अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत

2. एगमार्कनेट, विपणन और निरीक्षण निदेशालय, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत; भारित औसत घरेलू बाज़र कीमतों की गणना के लिए

खरीफ दालों का अनुमानित उत्पादन कम

सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में कहा है कि भारत में 2021-22 में खरीफ दलहन का उत्पादन 86 लाख टन होने का अनुमान है, जो इसके 98.2 लाख टन के लक्ष्य से 12% कम है। खरीफ दालों में तुअर/अरहर का उत्पादन 40 लाख टन होने का अनुमान है, जो 2020-21 की तुलना में 7% (43 लाख टन) कम है। सी ए सी पी की रिपोर्ट के अनुसार, 2020-21 की तुलना में 2021-22 में उड़द के उत्पादन में 19% सुधार का अनुमान है, लेकिन यह अभी भी 35.3 लाख टन के लक्ष्य से 25% कम है। भारत में मूंग का उत्पादन 30.6 लाख टन होने का अनुमान है, जो 2020-21 में 30.9 लाख टन की तुलना में मामूली कम है।